हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

11 नपा व जनस्वास्थ्य विभाग के अफसरों ...



12 निकासी पर करोड़ों खर्च फिर भी पानी-पानी शहर



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**चरखी दादरी।** प्रदेश के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा आज जिले के दौरे पर रहेंगे। नगराधीश आशीष मान ने बताया कि उद्योग मंत्री सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और 14 परिवादों की सुनवाई करेंगे।

### जांगड़ा समाज की बैठक 20 को

**बाढ़ड़ा।** जांगिड़ सभा बाढड़ा की बैठक 20 जुलाई को जांगड़ा धर्मशाला में दोपहर एक बजे होगी। यह जानकारी संस्था प्रधान प्रकाश सिंह बेरला व सचिव महिपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि धर्मशाला निर्माण की समीक्षा की जाएगी तथा आगे के निर्माण कार्य पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें।

### हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक कल

**चरखी दादरी।** 20 जुलाई शनिवार को कस्बा झोझूकलां के खेल स्टेडियम परिसर में हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की खंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला प्रेस प्रवक्ता छतर सिंह छिल्लर ने बताया कि बैठक का समय प्रातः 10 बजे का रहेगा। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान रामौतार सांगवान करेंगे। खंड चेयरमैन मास्टर नरेश सांगावन का मार्गदर्शन रहेगा। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी सभी पदाधिकारी व सदस्य भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य खंडस्तर पर कर्मियों के साथ बातचीत कर मांगों को पुरजोर रूप से उठाने का रहेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर भव्य एवं विशेष कार्यक्रम होंगे

**भिवानी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 21 जुलाई को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में भव्य एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय



श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए आश्रम में एकत्रित होंगे। आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन पूजा-अर्चना से होगी, जिसके बाद गुरुदेव के पावन चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर भक्तों के लिए आध्यात्मिक सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें गुरुदेव जीवन के महत्व और सही मार्गदर्शन पर अपने विचार साझा करेंगे। आश्रम में भंडारा का आयोजन लगाया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# समान काम समान वेतन, निजीकरण व ठेका प्रथा बंद करने को लेकर प्रदर्शन

## विरोधस्वरूप सड़कों पर उतरे कर्मचारी, लघु सचिवालय परिसर में भारी पुलिसबल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी





**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न विभागों के कर्मचारी एसकेएस कार्यालय में एकजुट हुए। इसके बाद संघ के जिला प्रधान कृष्ण ऊंण की अध्यक्षता में सभा हुई। मंच का संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल ने किया।

कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष नजर आया। इसके बाद कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारो के साथ एसकेएस कार्यालय से मिनी सचिवालय जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया और एडीसी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। संघ के जिला प्रधान कृष्ण ऊंण राज्य उपमहासचिव संदीप सांगवान ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य सरकार के विरोध में सकसं आंदोलन अलग अलग चरणों मे जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बार बार कर्मचारियों के साथ आंदोलन के दोरान किए समझोते भी लागू न कर वादा खिलाफी की, जिससे कर्मचारी वर्ग आंदोलन को लेकर अपनी तैयारी पर बल दे रहा है।

नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान चन्द्रभान, मकैनिकल से जिला सतवीर सिंह सरोहा, ब्रांच प्रधान दलवीर डोहकी, धर्मेंद्र हड़ोदा, बिजली यूनियन से विजय जागंड़ा, ओमवीर कालेहर सतेन्द्र, स्वास्थ्य ठेका यूनियन के जिला प्रधान सन्जीव कुमार, प्रधान तेजवीर सिंह, मंदीप फौगाट, आशा वर्कर यूनियन राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी, जिला प्रधान प्रेमपति, आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन जिला सचिव अनिल श्योराण, पटवारी एवं कानूनगो यूनियन जिला प्रधान कुलवीर सिंह सांगवान, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला प्रधान संजय शास्त्री, कृष्ण शास्त्री, सीटू जिला प्रधान सुरेन्द्र सिंह, एसकेएस बाढड़ा ब्लाक सचिव प्रवेन्द्र भाण्डवा कोषाध्यक्ष जितेन्द्र दगड़ोली, बोंद ब्लाक प्रधान सन्नी कलकल आदि ने संबोधित किया।

### ये रही मुख्य मांगें

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सेवाए नियमित करने, समान काम समान वेतन, सुविधाए एवं नोकरी सुरक्षा, वर्ष के कार्यकाल की सेवा दे चुके कर्मियों को नियमित नीति बनाकर स्थायी करने, एनपीएस को समाप्त कर 2006 से हुए भर्ती कर्मीयो को पुरानी पेंशन का लाभ देने, हरियाणा कोशल रोजगार निगम को भंग कर स्थायी काम पर अस्थाई भर्ती बन्द करने, सभी कच्चे कर्मियों का पिछले चार वर्षो से 20% के हिसाब से वेतन बढोतरी करने, सभी वर्गो की वेतन विसगतीया दूर करने, लिपिक वर्ग के साथ की कुठाराधात को सुधारीकरण कर पंजाब के समान वेतन मान लागू व निजीकरण, आऊटसोर्सिंग, ठेकाप्रथा नीतियों पर रोक लगाने की मांग उठाई।





**भिवानी।** मांगपत्र सौंपते भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के सदस्य।

# भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय प्रेषित करवाया। मजदूरों ने कामरेड मनीराम की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों में कार्यस्थल पर श्रमिकों का पंजीकरण विभाग स्वयं करे, 90 दिन कार्य की तस्दीक सरकारी कर्मियों की बजाय संबंधित ट्रेड यूनियन से करवाने, सुविधाओं व हित लाभों की राशि बढाने की मांग की गई।

- श्रमिकों का पंजीकरण विभाग स्वयं करें

उन्होंने कहा कि मजदूरों के हित लाभों के फार्मो का निपटारा 60 दिन में करवाने, कार्य के दोरान श्रमिक की मौत पर आश्रितों को 20 लाख का मुआवजा, मकान बनाने के लिए 5 लाख का अनुदान, श्रम कल्याण बोर्ड में ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को शामिल करवाने, नई मजदूर कापी को एक महीने के दौरान चालू करवाने की मांग रखी गई है। इस मौके पर संजय मंदोला, सत्यवान रानीला, सुरेश देवी छपार, कैलाशो भागवी, रणधीर दादरी, रोहताश सांजरवास, संतोष रचना आदि थे।

# गेस्ट हाउसों में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश पांच युवती और पांच युवकों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी में नागरिक अस्पताल के सामने पुलिस ने डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश कुमार के नेतृत्व में तीन गेस्ट हाउस पर रेड डालकर वेश्यावृत्ति के अड्डों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीनों गेस्ट हाउस में तलाशी अभियान चलाया।

अभियान के दौरान अब तक पांच युवती व पांच युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा हैं। पुलिस ने इससे पहले भी पिछले महीने आठ गेस्ट हाउस पर रेड की गई थी। भिवानी के नागरिक अस्पताल के सामने लाटरी मार्केट स्थित तीन गेस्ट हाउस पर शाम करीब पांच बजे भारी पुलिस बल व महिला पुलिस टीम ने छापेमारी की। डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश कुमार के नेतृत्व में की गई रेड के दौरान पांच युवक व पांच युवती आपत्तिजनक हालत में मिली है। पुलिस की तीन अलग-अलग टीमें जांच में जुटी हुई है। डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि नागरिक अस्पताल के सामने लाटरी मार्केट स्थित गेस्ट हाउसों पर वेश्यावृत्ति का अनैतिक कार्य किया जा रहा है। पुलिस ने फर्जी ग्राहक बनाकर गेस्ट हाउस पर भेजे। इस दौरान जैसे ही काउंटर पर बैठे गेस्ट हाउस स्टाफ से लड़कियों के बारे में सौदा तय हुआ और उसने निशान लगे नोट उन्हें थमाएं तो पुलिस टीम ने तीनों गेस्ट हाउस में रेड की और पांच युवती व पांच युवकों के जोड़े मिले।

# बिजली समस्या से परेशान दुकानदारों ने जताया रोष

## दुकानदारों ने रोड जाम करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

बिजली समस्या से परेशान हरियाणा के चरखी दादरी जिले के बाढ़ड़ा कस्बे के दुकानदारों में रोष बना हुआ है। जिसके चलते उन्होंने बाढ़ड़ा कस्बे के सतनाली रोड पर एकत्रित होकर रोष जताया। दुकानदारों ने बिजली समस्या का समाधान नहीं होने पर रोड जाम करने की चेतावनी दी है।

बता दें कि कस्बे के सतनाली रोड पर लगे ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने के कारण दुकानदार बिजली किल्लत से जूझ रहे हैं, जिसकारण दुकानदारों में रोष है। वीरवार को कस्बे के सतनाली रोड़ पर एकत्रित दुकानदार बलजीत हंसावास, विजय पाल पूनियां,बलबीर, ओमप्रकाश, ताराचंद बडेसरा, संदीप, धमेंद्र, पवन, सुरेंद्र, राकेश, सुखविंद्र, रमेश आदि ने



भिवानी। सतनाली रोड़ पर बिजली समस्या को लेकर रोष जताते हुए दुकानदार।

कहा कि सतनाली रोड़ पर लगा ट्रांसफार्मर बीते तीन महीने से परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि कभी ट्रांसफार्मर जल जाता है तो कभी तार जल जाती है और उन्हें भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। उनके काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं। दुकानदारों ने कहा कि वे बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को बार-बार समस्या से अवगत करवा चुके, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। कर्मचारी एक बार आते हैं और ट्रांसफार्मर को देखकर चले जाते हैं जिससे उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड होन के कारण समस्या है।

### दूसरा ट्रांसफार्मर लगाएं

उन्होंने मांग की कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए या दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर लोड को कम किया जाए। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया तो वे रोडजाम करने को मजबूर होंगे। वहीं बिजली निगम के बाढ़ड़ा एसडीओ सुनील दत्त ने कहा कि ट्रांसफार्मर पर लोड की समस्या है। अधिक लोड होने के कारण एक तार जल जाता है। लोड को डिवाइड कर समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

# सेशन जज चालिया ने किया जेल का निरीक्षण कैदियों और हवालातियों की समस्याएं सुनीं



**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया, सीजेएम-कम-सचिव कपिल राठी, सीजेएम जोगिंदर सिंह, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड व जेएमआईसी सोहनलाल मलिक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेशन जज चालिया ने जेल बैरक के अंदर शौचालय व स्नान घर की साफ सफाई को ओर बेहतर बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिये। सेशन जज ने जेल प्रशासन को गर्मी और बरसात के मौसम को देखते हुए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई। सेशन जज ने पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि कैदियों को सामान्य शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जाए। इसके अलावा जिला व सेशन जज ने जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का निरीक्षण करते हुये कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है, तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों-हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर सेशन कोर्ट के सुप्रिडेंट डॉ परमिंदर सिंह, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, डिप्टी के एडवोकेट बबली पंवार, लीगल एंड डिफेंस काउंसलर असिस्टेंट एडवोकेट अमित चावला, जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, उप अधीक्षक नरेश बूरा आदि मौजूद रहे।

# किरावड़ की ग्राम पंचायत ने अपने बलबूते पर लगाया पेयजल सप्लाई के लिए ट्यूबवेल

- बार-बार शिकायत पर भी प्रशासन ने नहीं ली थी सुध
- इस पानी को साथ लगते जोहड़ में भी डाला जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव किरावड़ में पीने के पानी की समस्या का समाधान प्रशासन से नहीं हुआ। ग्रामीणों ने स्वयं रुपये एकत्रित करके पंचायत की भूमि पर ट्यूबवेल लगाकर समस्या को जड़ से समाप्त करने का काम किया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। खंड प्रधान सरपंच



सुरेश ग्रामीणों में कुंदनलाल, शीतल चावला, राजेन्द्र वर्मा, राहुल किरावड, संजय श्योराण, तकदीर आदि ने बताया कि उनके गांव में पीने के पानी की बड़ी दिक्कत थी। प्रशासन कोई पुख्ता इंतेजामात नहीं कर रहा था, जिसके चलते पानी खरीदकर पीना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि पंचायत ने स्टीक निर्णय लिया और जलघर के समीप पंचायत की भूमि पर ट्यूबवेल खुलवाकर उसके पानी की जांच करवाई और पानी की जांच सही आई। इस पर हजारों रुपये खर्च आया है। अब लोगों को पेयजल के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि पानी से ग्रामीणों को फायदा होगा और पालतु पशु, बेसहारा पशुओं को भी गर्मी से पानी के प्रति हो रही दिक्कत से राहत मिलेगी। इसके अलावा इस पानी को साथ लगते जोहड़ में डाला जा रहा है ताकि पशु अपनी प्यास बुझाने के साथ साथ शरीर को भी ठंडक दे सके।

### स्कूल के रास्ते में जलभराव होने से ग्रामीणों में रोष

**बाढ़ड़ा।** काकड़ौली हुकमी में स्कूल के रास्ते पर जलभराव होने से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने आप नेता राकेश चांदवास की अगुवाई में नारेबाजी कर रोष जताया और शीघ्र समस्या के समाधान की है। वहीं समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि काकड़ौली हुकमी में राजकीय कन्या वमा विद्यालय के मुख्य रास्ते पर दूषित जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते छात्राओं सहित ग्रामीणों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आप नेता चांदवास की अगुवाई में दूषित पानी के बीच खड़े होकर रोष जताया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ के साथ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार बेटियो को पढ़ाने के लिए कितनी गंभीर है इसका जीता जागता उदाहरण काकड़ौली हुकमी है, जहां छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने के लिए रास्ता तक नहीं है। विद्यालय में 200 से अधिक छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए आती हैं, लेकिन इन छात्राओं को दूषित जलभराव के अंदर से ही स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

## 57 साल बाद भी हरियाणा को नहीं मिला उसका पूरा हक : युद्धवीर

# अलग राजधानी व हाईकोर्ट की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**भिवानी**
हरियाणा की अलग राजधानी और हाईकोर्ट की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गोकिसान समृद्धि ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा की अलग राजधानी और अपना हाईकोर्ट की मांग रोजाना मजबूत होती जा रही है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र भी सौंपे जा रहे है। इसी कड़ी में वीरवार को गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धवीर खरेटा के नेतृत्व में अनेक लोगां ने कस्बा तोशाम के एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा तथा हरियाणा की अलग राजधानी व अपना हाईकोर्ट की मांग उठाई।

इस मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धवीर ने कहा कि हरियाणा के बनने के 57 वर्षो बाद भी आज तक हरियाणा को अपनी अलग राजधानी व हाईकोर्ट नहीं मिला, जिससे हरियाणा को आज तक पहचान नहीं मिल पाई और न ही उन्हें उनका पूरा हक मिल पाया हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पंचकूला बनाया गया और दुनिया के नक्शे पर इसे चंडीगढ़ का रेलवे स्टेशन कहा जाता है। एयरपोर्ट के लिए हरियाणा का योगदान भी है। इसके बावजदू इसे मोहाली का एयरपोर्ट कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का अलग हाईकोर्ट न होने से राज्य के जजों को समय पर पदोन्नति नहीं मिल पाती। राजधानी व अलग हाईकोर्ट हरियाणा प्रदेश का वाजिब हक है। अलग हाईकोर्ट बनेगा तो लोगों को समय पर न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा को 1966 में सदियों बाद पूर्ण प्रशासनिक इकाई के रूप में मान्यता मिली। हरियाणा के महत्वपूर्ण मुद्दे को उजागर करने के लिए समाज के अन्य वर्गो को भी शामिल किया जाएगा।

- रेलवे स्टेशन पंचकूला बनाया गया और दुनिया के नक्शे पर इसे चंडीगढ़ का रेलवे स्टेशन कहा जाता है

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कुलदीप पटौदी, कृष्ण सरपंच, बीर सिंह पूर्व सरपंच, धौलिया भेरा, कृष्ण भेरा, बीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कन्या कॉलेज में शैक्षणिक और प्रशासनिक ऑडिट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार शैक्षणिक और प्रशासनिक ऑडिट आयोजित किया। महाविद्यालय का एकेडमिक ऑडिट चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राहुल त्रिपाठी और आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल की टीम ने किया। इस शैक्षणिक ऑडिट के दौरान इंचार्ज डॉक्टर प्रमोद कुमार ने उनके समक्ष महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से संबंधित ऑडिट रिकॉर्ड प्रस्तुत किया। शैक्षणिक टीम ने महाविद्यालय के समस्त दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया। सभी विभागों, प्रकोष्ठ और विभिन्न कल्बो की वार्षिक गतिविधियों का आकलन किया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों से महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की और अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। अंत में इस टीम द्वारा महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एल्यूमिनी सदस्य विमला भी उपस्थित रही। प्राचार्य डॉक्टर विचित्र सिंह ने शैक्षणिक ऑडिट के कुशलपूर्वक संपन्न होने पर स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

- डॉक्टर प्रमोद कुमार ने विभिन्न विभागों से संबंधित ऑडिट रिकॉर्ड प्रस्तुत किया

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चों, तुमने टीवी में या रियल पपेट शो देखा होगा। पपेट यानी कठपुतलियों के जरिए मनोरंजन की यह कला देश-विदेश में सदियों से प्रचलित है। कहीं लकड़ी से, कहीं फैब्रिक से, कहीं पानी पर उछलते-कूदते तो कहीं शैडो पपेट्स के खेल देखने में बहुत मजा आता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कई देशों में पॉपुलर पपेट्स के बारे में बता रहे हैं।

# रंग-बिरंगी प्यारी-प्यारी खेल दिखाती कठपुतलियां

बच्चों, आज के समय में तुम्हारे पास एंटरटेनमेंट और टाइम-पास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जैसे-वीडियो गेम्स, मूवीज, टीवी शोज, म्यूजिक आदि। लेकिन बहुत पुराने दौर से आज तक भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनोरंजन के लिए, पपेट्स यानी कठपुतलियों का खेल भी दिखाया जाता रहा है। इन पपेट्स के हाव-भाव देखने का मजा ही कुछ अलग होता है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं। इन्हें काठ यानी लकड़ी के अलावा अलग-अलग देशों में कपड़े, मिट्टी, चमड़े जैसे कई तरह के मैटीरियल से बनाया जाता है।



जापान की बनराकू पपेट

## जापान की बनराकू पपेट

जापान को दुनिया के सबसे एडवांस्ड और विकसित देशों में गिना जाता है। हालांकि यहां इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और मॉडर्न तकनीक से हजारों तरह के गेम्स खूब बनते और बिकते हैं। लेकिन इनके साथ ही यहां के पपेट्स 'बनराकू' को लोग बहुत पसंद करते हैं। इन पपेट्स को काठ (वुड) से बनाया जाता है। ये पपेट्स, छोटे और बड़े कई आकारों में बनाए जाते हैं। जापानी फोक म्यूजिक के साथ जब बनराकू पपेट्स को परफॉर्म कराया जाता है तो देखने वाले 'वाह-वाह!' कर उठते हैं।

## वियतनाम की वाटर-पपेट

वियतनाम में पपेट्स का खेल एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। यहां पपेट्स आर्ट को 'मुआ रोई नॉक' कहते हैं, जिसका मतलब है-पानी पर डांस करने वाली पपेट्स। इन पपेट्स को नचाने वाले आर्टिस्ट्स कमर तक पानी भरे तालाब में खड़े होकर इनका तमाशा दिखाते हैं। यहां इन पपेट्स के शानदार शो आयोजित किए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोग और पर्यटक बड़े चाव से देखते हैं।



वियतनाम में खूब पॉपुलर हैं वाटर-पपेट्स

### कैसे परफॉर्म करते हैं पपेट्स

बच्चों, पपेट (कठपुतली) अलग-अलग मैटीरियल से बनी एक तरह की डॉल जैसी होती है, जिनमें कुछ स्ट्रिंग्स यानी डोरी बंधी होती है। पपेट-आर्टिस्ट इन स्ट्रिंग्स की मदद से पपेट को ऊपर-नीचे और अलग-अलग डायरेक्शन में कुछ इस तरह मूव कराते हैं कि ऐसा लगता है, मानो पपेट खुद चल-फिर रहे हों या डांस कर रहे हों।

## चीन की शैडो-पपेट

चीन देश में पपेट्स की परंपरा सदियों पुरानी है। यहां कई स्थानों पर बच्चों को हिस्ट्री और कल्चर पढ़ाने के लिए भी पपेट शोज का आयोजन किया जाता है। खासतौर पर यहां के गांवों में अब भी मनोरंजन का एक प्रमुख साधन, पपेट शो हैं। चीन में डोरी से खींचे जाने वाले पपेट शो के अलावा शैडो-पपेट्स का तमाशा भी काफी पसंद किया जाता है। वास्तव में शैडो-पपेट्स ऐसी आकृतियां होती हैं, जिन पर खास एंगल से रोशनी डालने पर पीछे लगे पर्दे पर उनकी तस्वीर उभर आती है। ये पपेट्स काफी रंग-बिरंगे होते हैं। शो के दौरान इन्हें हैंडल करने वाले कलाकार, डायलॉग्स के बीच-बीच में बांस से बनी सीटी भी बजाते रहते हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ जाता है।



अमेरिका के फैब्रिक पपेट्स



इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

## अमेरिका के फैब्रिक पपेट

अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में सॉफ्ट-स्पंजी फैब्रिक्स से बने पपेट्स खूब पसंद किए जाते हैं। ये पपेट्स कार्टून कैरेक्टर्स जैसे लगते हैं। यहां पपेट्स के कई सुपरहिट टीवी शोज भी टेलिकास्ट किए जा चुके हैं। यहां बच्चों के लिए प्रेरक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम बनाने के लिए पपेट्स का खूब प्रयोग किया जाता है। अमेरिकी टीवी शो 'सीसेम स्ट्रीट' का नाम तो तुमने जरूर सुना होगा, यह टीवी पर प्रसारित होने वाला एक पपेट-शो था, जिसे हमारे देश में 'गली-गली सिम-सिम' के नाम से दिखाया जाता रहा है।

### भारत में तरह-तरह की कठपुतलियां



हमारे देश में भी कठपुतली-कला हजारों साल पुरानी है। हड़प्पा और मोहनजो-दारो की खुदाई में भी कठपुतलियों के अवशेष मिले हैं। भारत में पौराणिक या लोक कथाओं पर आधारित कठपुतलियों का प्रचलन अधिक है। भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग रंग-रूप और आकार की कठपुतलियां प्रचलित हैं। जैसे राजस्थान, ओड़ीशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में धागा पुतली के खेल खूब दिखाए जाते हैं। राजस्थान में इन्हें कठपुतली,ओड़ीशा में कुनढेई, कर्नाटक में गोंबयेट्टा, तमिलनाडु में बोम्मालट्टा कहते हैं। कई क्षेत्रों में छाया कठपुतलियों का भी प्रचलन है। छड़ पुतलियों के खेल बंगाल में पुतुलनाच और बिहार में यमपुरी के नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों पर दस्ताना पुतली भी खूब मनोरंजन करती हैं, इन्हें हथेली में दस्तानों की तरह पहनकर नचाया जाता है।

## इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

इंग्लैंड में इतने विशाल पपेट्स बनाए जाते हैं कि इन्हें उठाने और चलाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ता है। यहां लिवरपूल में आयोजित होने वाला पपेट-शो 'लिवरपूल जायंट्स परेड' दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस परेड में करीब तीन मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले पपेट्स शामिल किए जाते हैं। इन पपेट्स को 'कार्निवल पपेट्स' के नाम से जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के पपेट शोज में रामकथा

रामायण और रामकथा हमारे देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में प्रचलित है। इंडोनेशिया में अलग-अलग स्थानों पर रामकथा का प्रदर्शन पपेट्स के माध्यम से किया जाता है। यहां भी चीन की तरह शैडो पपेट्स अधिक प्रचलित है। *

## जीके क्विज-113

1. इंडियन क्रिकेट टीम का नया हेड कोच किस पूर्व क्रिकेटर को बनाया गया है?
2. पिछले ओलंपिक (टोक्यो-2021) खेलों में भारत ने कुल कितने पदक जीते थे?
3. वह कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) है, जो दूध से दही जमाने में मदद करता है?
4. हाल में ही ईरान के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?
5. भारत के वर्तमान गृह मंत्री का क्या नाम है?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन थे?
7. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
8. पंकज आडवाणी का संबंध किस खेल से है?
9. एक फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
10. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-113 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-112 का उत्तर :** 1. अनामिका बी. राजीव, 2. मुंशी प्रेमचंद, 3. मुंबई, 4. गिरिब्रज, 5. मधुमेह (डायबिटीज), 6. अमेजन वर्षा वन, 7. मध्य प्रदेश, 8. कर्नाटक, 9. महाराणा प्रताप और अकबर, 10. ईटानगर

**जीके क्विज-112 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, नारायण-मनकी लोरमी, विशु-मनकी लोरमी, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, पृथ्वी-बिलासपुर, रितेश-मटियारी

## हंसगुल्ले

**टीचर (तेज आवाज में) :** तो.. हमें अपने सपने पूरे करने के लिए क्या करना चाहिए?
**राजू (जम्हाई लेते हुए) :** फिर से सो जाना चाहिए।

-तनुजा, जबलपुर

**नव्या :** बताओ, दूध उफनकर बाहर क्यों गिर जाता है?
**नैंसी :** दूध उबालते समय व्हाट्स एप्प पर चैट करने की वजह से।


-खुशबू, रायपुर

**मम्मी :** एग्जाम कैसा हुआ बेटा?
**मोनू :** मम्मी, एग्जाम में ऐसे सवाल आए थे, जो मैंने कभी पढ़े ही नहीं थे।
**मम्मी :** तो फिर तुमने क्या किया?
**मोनू :** मैं भी ऐसे जवाब लिखकर आया हूं, जो टीचर जी ने कभी पढ़े नहीं होंगे।

-हर्षिता, बिलासपुर

**चुन्नू :** गाय पूंछ क्यों हिलाती है?
**मुन्नू :** क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि वो गाय को हिला सके।

-आदित्य, बलौदा बाजार



ट्रंक में बंद रंग-बिरंगी रेनकोट को काली-कलूटी छतरी से चिढ़ थी। वह उसे नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। बरसात से पहले जब छतरी और रेनकोट को ट्रंक से बाहर निकाला गया तो ऐसा क्या हुआ कि रेनकोट को अपनी खूबसूरती पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी?

# छतरी और रेनकोट

कहानी

अशोक जोशी

उस रोज संडे था। मोनू अपने पापा और मम्मी के साथ घर में ही था। शाम को वे सभी कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर रहे थे कि तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पापा ने मम्मी से कहा, 'देखो, अचानक कितनी तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि पूरे सप्ताह तेज बारिश की संभावना है। वो जो ट्रंक में मेरी छतरी और मोनू की रेनकोट रखी है, उसे निकाल लो।'

'ठीक है, निकाल लेते हैं।' मम्मी बोलीं।

मोनू के पापा-मम्मी की बातें जब ट्रंक में रखी छतरी और रेनकोट को सुनाई दीं तो वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि कई महीनों तक ट्रंक में पड़े रहने के बाद अब उन्हें ताजा हवा खाने को मिलेगी और बारिश की ठंडी-ठंडी बूंदों का स्पर्श मिलेगा। छतरी ने रेनकोट से कहा, 'देखो बहन, अब हमारे काम आने का समय आ गया है, तैयार हो जाओ।' रेनकोट की सोच कुछ अलग ही थी। उसे अपने रंग-रूप पर बड़ा अभिमान था। छतरी से उसकी बिल्कुल भी नहीं जमती थी। वह हमेशा छतरी को नीचा दिखाने का बहाना ढूंढ़ती रहती थी, उसे ओल्ड-फैशंड बताती और हमेशा उसके रंग-रूप का मजाक उड़ाती थी। वह कहती थी, 'हुंह.. कहां मैं और कहां तुम! तुम तो बिल्कुल ओल्ड-फैशंड हो। तुम अपना रंग-रूप देखो और जरा मेरी तरफ देखो, मैं कितनी मॉडर्न और रंग-बिरंगी हूं। मुझे देखकर बच्चे चहक उठते हैं। वैसे भी आज के मॉडर्न जमाने में छतरी कौन यूज करता है? देखो, मोनू के पापा ने मुझे किस तरह सहेज कर कवर के अंदर रखा है, तुम्हें ट्रंक के एक कोने में पटक दिया है। याद करो, मोनू के पापा ने जब तुझे खरीदा था, तब वो मोनू को भी छतरी ही दिलवा रहे थे। लेकिन मोनू ने अपने पापा से जिद करके अपने लिए रेनकोट खरीदवाया था।'

'बहन, ऐसा क्यों कहती हो? मैं भी तो वही काम करती हूं, जो तुम करती हो। हम दोनों ही लोगों को बारिश में भीगने से बचाते हैं। बस रंग-रूप और आकार-प्रकार में अंतर है।' छतरी विनम्रता से बोली।

तभी उन्हें कदमों की आहट अपनी तरफ आती सुनाई दी। चरमराहट की आवाज के साथ ट्रंक खुल गया। मम्मी ने पहले कोने में रखी छतरी को उठाया। उसे उलट-पुलट कर देखा। उस पर थोड़ी धूल जमी थी। उन्होंने दो-तीन बार उसे खोला और बंद किया। उसकी ताड़ियां भी अच्छी तरह से काम कर रही थीं। 'शुक्र है, यह अभी अच्छी है। कम से कम एक-दो सीजन तो निकाल ही देगी।' मम्मी बुदबुदाते हुए बोलीं, फिर उन्होंने छतरी को साफ कर दीवार में लगी कील पर टांग दिया।

मम्मी की बातें सुनकर छतरी को अपनी उपयोगिता पर संतोष हुआ। इसके बाद मम्मी ने जैसे ही रेनकोट की तरफ हाथ बढ़ाया, रेनकोट की बांछें खिल उठीं। उसने सोचा कि मम्मी अब उसकी खूब तारीफें करेंगी, उसे प्यार से सहेज कर अलमारी में रखेंगी ताकि बारिश में जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सकें। मम्मी ने कवर से निकालकर जैसे ही रेनकोट को खोला तो उनका मूड-ऑफ हो गया। जिस-जिस जगह से रेनकोट को मोड़कर रखा गया था, वहां सिलवटें पड़ गई थीं और जब उन्होंने उसे झटकारा तो सिलवटों वाली जगह से रेनकोट फट गई।

'पिछले साल ही तो खरीदी थी। सोचा था दो-चार सीजन निकाल देगी। लेकिन यह तो बस दिखने में ही अच्छी थी। कोई खास काम ना आ सकी। इससे अच्छी तो छतरी है, जो सालों तक बरसात के अलावा गर्मी में भी काम आती है...।' बुदबुदाते हुए मम्मी ने रेनकोट को डस्टबिन में डाल दिया। अगले दिन उसे नगर निगम की कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में डाल दिया गया। गाड़ी वाले ने अन्य कचरे के साथ उसे डाल दिया। रेनकोट अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी, 'मेरा रंग-रूप भला किस काम आया? मुझसे अच्छी तो वह छतरी है, जो अभी तक घर में लोगों के काम आ रही है।' रेनकोट को समझ आ चुका था कि रंग-रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारा गुण होता है। इसलिए कभी भी किसी का रंग-रूप देखकर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, बल्कि उसके अच्छे गुणों की कद्र करनी चाहिए। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## बरस घटा घनघोर

ओ घटा, बरस, घनघोर बरस,
इस ओर बरस, उस ओर बरस।
हम झूम-झूम कर नाच उठें,
अब झूम उठे मन-मोर, बरस।
लहलहा उठे बगिया मेरी,
तू जोर बरस, पुरजोर बरस।
सब ताल-तलैया भर जाएं,
मेंढक करते हैं शोर, बरस।
रिमझिम का गीत सुना फिर से,
तू बन जा अब चितचोर, बरस।
कोई भी जगह न छूटे अब,
तू गांव-शहर हर छोर, बरस।
धरती की सारी प्यास बुझाए
झमझम-झमझम झकझोर, बरस।
जब तक सब खुश न हो जाएं
बूंदें न पड़ें कमजोर, बरस।
हम सब खेलेंगे छपछैया,
ओ घटा जरा तू, और बरस।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.भालू के मुख की मुद्रा बदली हुई है। 2. हनी-पॉट के ऊपर मंडरा रही मधुमक्खी गायब है। 3.भालू के पीछे पेड़ पर अधिक पत्तियां लगी हैं। 4.झाड़ियों के पीछे एक और भालू दिख रहा है। 5.हनी-पॉट के पीछे हनी नहीं गिरा है।

## चित्र पूरा करो


बच्चों, यहां कुछ अधूरे ज्योमेट्रिकल शेप्स और उनके कट-आउट्स के चित्र दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इन चित्रों को पूरा करो।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितने बच्चे दिखाई दे रहे हैं?



उत्तर-12

खबर संक्षेप



## 'प्रकृति प्रेम ही मानवता के सुखद भविष्य का मार्ग'

**भिवानी।** प्रकृति प्रेम ही मानवता के सुखद भविष्य का मार्ग है। ये उद्गार चिड़िया के सेठ बनवारीलाल राजकीय वमा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण करते हुए प्राचार्या शर्मिला देवी ने व्यक्त किए। विश्व युवक केन्द्र, नेहरू युवा केन्द्र और ग्रामीण विकास मण्डल द्वारा संचालित पौधरोपण अभियान में शामिल प्राचार्या ने कहा कि बदलता मौसम चक्र हमें चेतावनी दे रहा है कि प्रकृति के शोषण का विचार मनुष्य की नादानी से ज्यादा कुछ नहीं है। सर्दी में गर्मी, बरसात में सूखा, बाढ़, भूकंप सारी दुनिया को उसके लालच की सजा है।

## प्रदेश की जनता चाहती है सरकार परिवर्तनः नरेश

**भिवानी।** हरियाणा में अब परिवर्तन की लहर चल रही हैं और जनता कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है। भाजपा सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और बेरोजगार युवा पूरी तरह से परेशान हैं। उक्त बात पूर्व बैंक महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेश तंवर ने भिवानी विधानसभा भिवानी के अनेक गांवो में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पोर्टलों के माध्यम से भाजपा सरकार सुशासन लाना चाहती है, जबकि आम आदमी इन पोर्टलों की वजह से दफ्तरों में चक्कर लगाकर परेशान है। शिक्षा तंत्र बर्बाद हो चुका, सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल है।

## हुड्डा के नेतृत्व में में बनेगी कांग्रेस की सरकारः सविता

**भिवानी।** महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सविता मान ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है। जनता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। सविता मान बुधवार को हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत गांव हालवास व उमरावत में महिलाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है।

### पेयजल संकट व बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर जताया रोष

# नपा व जनस्वास्थ्य विभाग के अफसरों को सौंपा ज्ञापन

- हरियाणा जागृति मोर्चा के मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट सिंधु के नेतृत्व में महिलाओं ने समस्याओं को लेकर रोष प्रदर्शन किया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा**

कस्बा में पेयजल संकट व बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर कस्बें की महिलाओं ने हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू के नेतृत्व में नगर पालिका सचिव व जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ से मुलाकात की। उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ की अनुपस्थिति में कनिष्ठ अभियंता व सफाई व्यवस्था के संबंध में नपा सचिव की अनुपस्थिति में लेखाकार कपूर सिंह व सफाई दरोगा प्रदीप को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही महिलाओं व मोर्चा पदाधिकारियों ने उक्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की मांग की।

मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट सिंधु के नेतृत्व में महिलाओं ने समस्याओं को लेकर रोष प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू व सदस्य अशोक मुन्ढाड़ा ने बताया कि कस्बा में लंबे समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते कस्बा में पेयजल की भारी किल्लत है। पेयजल संकट के चलते कस्बावासियों को खुद के खर्चे पर टैंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा हैं। इसके अलावा कुछ परिवारों को मजबूरीवश दूर दराज कुओं से पानी खींचकर लाना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कस्बें में सफाई व्यवस्था भी बुरी तरह से चरमराई हुई है और हर तरफ कूड़ा कर्कट नजर आ रहा हैं। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के सचिव को अवगत करवाया और जल्द समाधान की मांग की।

एसडीओ की अनुपस्थिति में कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंकर जल्द पेयजल संकट से निजात दिलवाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने उक्त अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि जल्द से जल्द उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन की रूपरेखा बनाएंगे।



भिवानी। जनस्मस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हरियाणा जागृति मोर्चा के पदाधिकारी व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि




भिवानी। पेयजल समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे हरियाणा जागृति मोर्चा के पदाधिकारी व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# हिंदी सुलेख में प्रेरणा प्रथम

- हलवासिया विद्या विहार में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**




भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हलवासिया विद्या विहार में हिंदी साहित्य सुधा संगम की ओर से वरिष्ठ विभाग में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता हैं। हिंदी सुलेख का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन को सुधारना तथा अशुद्धियों का निदान करना होता है। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा नवम्‌से कक्षा बारहवीं तक के लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। आचार्या किरण मखीजा, पूनम तंवर, सुमन तंवर तथा रेखा आचार्या की देख-रेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय प्राचार्य विमलेश आर्य, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास तथा अमरेंद्र कुमार ने पुस्तकालय कक्ष में विद्यार्थियों के सुलेखन का निरीक्षण किया और छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। प्राचार्य आर्य ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुरस्कार प्राप्त करना बड़ी बात नहीं है, बल्कि प्रतिभागी बनना बड़ी बात होती हैं। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने हिंदी सुलेख प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं 'ग से देविका परमार' व दसवीं 'ख' से प्रेरणा सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

## पिता की स्मृति में किया पौधरोपण

**भिवानी।** एक पौधा पिता के नाम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हर किसी को सहयोग करने की जरूरत है, जिससे वातावरण में सुधार हो सके। इसी कड़ी में आचार्य सुरेश शास्त्री ने अपने पिता डॉ. जगदीश शर्मा की स्मृति में एक पौधा पिता के नाम से अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत एक वर्ष तक वे रोजाना अलग-अलग स्थानों पर एक पौधा अपने पिता के नाम से रोपित कर उनका संरक्षण भी करेंगे। अभियान की शुरूआत आचार्य सुरेश शास्त्री ने वीरवार को गांव जुई खुर्द स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय से पौधरोपण करके की। शास्त्री ने बताया कि उनके पिता पर्यावरण प्रेमी थे।

## सरकार जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में नाकाम : मनीषा



मानसून सीजन की पहली बारिश ने ही खोली दावों की पोल

**चरखी दादरी।** सरकार चरखी दादरी शहर के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। शहर में वीरवार को हुई इस मानसून सीजन की पहली तेज बारिश ने ही प्रशासन व सरकार के दावों की पोल खोलकर रख दी है। एक घंटे की बारिश में ही पूरे शहर की सड़कों व गलियां जलमग्न हो गई और लोगों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ा है। ये बात वीरवार को बारिश होने पर चरखी दादरी शहर में बारिश के बने जलभराव के हालातों पर प्रेस को जारी बयान में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा सांगवान ने कही। मनीषा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चरखी दादरी शहर में करोड़ों रुपए खर्च कर शिविर व्यवस्था को दुरूस्त कर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के बात कही जा रही है। लेकिन वीरवार को हुई बारिश ने इन सभी दावों की हवा निकाल दी है। शहर में एक घंटे की बारिश से ही मुख्य सड़क मार्गों से लेकर गलियों तक बड़ी मात्रा में पानी जमा होने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# दुग्ध उत्पादकों को दी जानकारी

- वीटा दुग्ध शीतकरण केंद्र में भंडारा व पौधरोपण कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

हांसी रोड स्थित वीटा दुग्ध शीतकरण केंद्र में गुरुवार को वार्षिक भंडारा, प्रसाद वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि नगराधीश विपिन कुमार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वीटा मिल्क प्लांट जींद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र धानिया व पशुपालन विभाग के उपनिदेशक रविन्द्र सहरावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल्क प्लांट रोहतक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने की। दुग्ध शीतकरण केंद्र के प्रबंधक सुभाष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भिवानी व दादरी जिले की 40 बीएमसी व 200 सहकारी दुग्ध समितियों के सचिव व प्रधानों ने भाग लिया। मुख्यतिथि ने पौधारोपण करते हुए सभी दुग्ध समितियों का आहवान किया कि पौधरोपण अवश्य करें एवं अपनी दुग्ध समितियों में एक पेड़ मां के नाम से जरूर लगाएं। रोहतक प्लांट के सीईओ ने दुग्ध उत्पादकों को दी जा रही योजनाओं व लाभों की जानकारी दी। जींद प्लांट से आए प्रबंधक प्रमोद व रोहतक से आए प्रबंधक प्रदीप ने पौधरोपण किया।



भिवानी। वीटा दुग्ध शीतकरण केंद्र में पौधरोपण करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविर बन रहा जनसुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म

- समाधान शिविर में हो रहा आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान : उपायुक्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी**

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय सभागार में उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का अविलंब समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके चलते यह व्यवस्था जनसेवा को समर्पित सशक्त प्लेटफार्म बन रही है।

वीरवार को भी हर रोज की तरह सुबह 9 बजे से 11 बजे तक उपायुक्त ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ मौके पर समाधान सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई तथा कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। हरियाणा सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। ऐसे में शिविर में आने वाली शिकायतों की अपडेट रिपोर्ट प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में लगे समाधान शिविर के माध्यम से कुल 1444 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 1026 यानी 75 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। बाकी बची शिकायतों पर भी कार्यवाही की जा रही है। कोर्ट केस, अवैध कब्जे आदि से संबंधित शिकायतों के समाधान में कुछ समय लगता है। जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लिखित शिकायत लेकर आएं उनकी शिकायतों पर तत्परता से संज्ञान लिया जाएगा।




चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनती डीसी मनदीप कौर।

# बौखला गई है भाजपा सरकार

- राव दानसिंह के निवास पर ईडी भेजकर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास कर रही भाजपा : कमल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम**

महेंद्रगढ़ से कांग्रेस के विधायक, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी राव दान सिंह के निवास पर ईडी की रेड मौजूदा सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास है। उक्त शब्द कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने तोशाम में चौधरी रघुवीर सिंह फार्म हाउस पर कहे। कमल ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नौका डूबती देखकर बौखला गई है और आनन फानन में गैर लोकतांत्रिक तरीके से विपक्ष को तंग करने का प्रयास कर रही है जिसका ताजा उदाहरण पूर्व मुख्य संसदीय सचिव व महेंद्रगढ़ से कांग्रेस के विधायक राव दानसिंह के निवास स्थान पर छापेमारी से मिला है। उन्होंने कहा कि राव दान सिंह गत लोकसभा चुनाव में बेहद मामूली अंतर से हारे हैं और अब दिन प्रतिदिन कांग्रेस का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। किसान कमेरा वर्ग आज भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुका है और भाजपा सरकार की इन करतूतों से जाहिर होता है कि अब भाजपा के खात्मे का समय आ चुका है।



भिवानी। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करते कांग्रेस नेता कमल सिंह प्रधान। फोटो : हरिभूमि

## संयुक्त संघर्ष पार्टी हरियाणा की सभी 90 सीटों पर लड़ेगी चुनावः चढ़ूनी

**भिवानी।** गुरनाम सिंह चढ़ूनी की अगुवाई में संयुक्त संघर्ष पार्टी भी अब हरियाणा विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। इस बात की घोषणा पार्टी के कन्वीनर गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने गुरूवार को पत्रकारवार्ता के दौरान की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसान विरोधी भाजपा व जननायक जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी पार्टी से गठबंधन को तैयार है, यदि गठबंधन नहीं होता तो सभी 90 सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ेगी।

चढ़ूनी ने कहा कि पिछले 32 सालों से वे तथा उनके साथी किसान व कमेरों की सड़कों पर लड़ाईयां लड़ते रहे है। किसानों को उनका हक दिलाने के लिए वे जाते रहे है। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रतिदिन 33 किसान आत्महत्या करते है। देश के 9 लोगों के पास देश के 50 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति है। सरकारें 15 लाख करोड़ रुपये कारपोरेट के ऋण के माफ कर देती है, जबकि कृषि लोन को माफ नहीं किया जाता तथा प्रदेश में बेरोजगारी मुख्य समस्या है, अमीर व गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। राज्य व केंद्र सरकार की गलत नीतियों को लेकर वे सड़कों पर लड़ते रहे, लेकिन जब सरकारें उनकी तरफ ध्यान नहीं देती तो उन्हें मजबूरन किसान व कमेरों की आवाज उठाने के लिए राजनीतिक पार्टी बनाकर राजनीति में उतरना पड़ रहा है।

# प्लॉट दिलाने की लगाई गुहार

- बीपीएल कार्ड धारकों ने उपायुकत से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

गांव अचीना के बीपीएल कार्ड धारकों ने वीरवार को समाधान शिविर में पहुंचकर उपायुक्त मनदीप कौर से मुलाकात की और बीपीएल कार्ड धारकों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिलवाने की मांग के बारे लिखित में पत्र सौंपा। उन्होंने अपने लिखित पत्र के माध्यम से उपायुक्त मनदीप कौर को अवगत करवाया कि हमें प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल श्रेणी में घोषित किया हुआ है और बीपीएल कार्ड धारक है।

बीपीएल कार्ड धारकों ने बताया कि हमारे पास रहने की लिए जगह की कमी है तथा प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल श्रेणी के कार्ड धारकों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट अलॉट किए जा रहे है, लेकिन हमें अभी तक प्लॉट अलॉट नहीं दिए गए, इसलिए अचीना गांव के बीपीएल कार्ड धारक श्री भगवान, रामकिशन, अजीत सिंह, विकास, सतीश, रामकिशन, धनराज, अनूप, राहुल, सतीश, अजीत, आत्मा राम, जयभगवान, दीपक, उम्रलाल, रामफल, रोशन लाल, देवेन्द्र, साधु राम, महाबीर, नरेन्द्र, राजकुमार, राजेन्द्र, राजबाला, राज, जीवनी, सुनीता, चम्पा, कृष्णा, पूनम, संदीप, धनपत, विनोद, दीपक, आजाद ने समाधान शिविर में पहुंचकर प्लॉट दिलवाए जाने की मांग की है।



भिवानी। सौ सौ गज के प्लॉट की मांग को लेकर उपायुक्त को मिलने जाते गांव अचीना के बीपीएल कार्ड धारक। फोटो : हरिभूमि

**नाराजगी** 23 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर करेंगे काम, 28 को सीएम सिटी में प्रदर्शन

लंबित मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के घर पर पहुंची नर्सिंग ऑफिसर्स

# स्वास्थ्य मंत्री ने नहीं दिया ठोस जवाब, अब आंदोलन की राह पकड़ेंगी नर्सिंग ऑफिसर्स

- बार-बार समय देकर भी मांगों को नहीं किया जा रहा पूरा, नर्सिंग ऑफिसर्स में रोष

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने स्वास्थ्य मंत्री के हिसार स्थित आवास पर जाकर अपनी लंबित मांगें रखी और समाधान की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी मांगों को सुनकर कोई संतोषजनक, ठोस जवाब नहीं दिया, जिससे प्रदेशभर की सभी नर्सिंग ऑफिसर्स में रोष है। एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्षा सुनीता ने बताया कि गुरुवार को एसोसिएशन सेक्रेटरी सन्तोष अहलावत, महेंदरी, पुष्पा, प्रोमिला, शारदा, नरेश, रेखा, सरोज, मीना दलाल आदि हिसार स्थित स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात हुई, लेकिन उन्होंने पहले की तरह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बार-बार ऐसा होने पर नर्सिंग एसोसिएशन ने रोष जताया है।

इसके विरोध में अब नर्सिंग ऑफिसर्स आंदोलन की राह पकड़ेंगी। प्रधान सुनीता ने बताया कि गत 26 जून को एसोसिएशन की ओर से मांगपत्र स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा कार्यालय में दिया गया था। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद गत 10 जुलाई को फिर से उन्हें विधानसभा में नर्सिंग ऑफिसर्स की मांगों से अवगत करवाने के लिए गए, तब उनके निजी सचिव ने हिसार में आने का समय दिया था, लेकिन अब कोई संतोषजनक जवाब न देकर उनमें रोष व्याप्त हैं। प्रधान सुनीता ने कार्यकारिणी से मंत्रणा करके घोषणा की कि 23 जुलाई को अस्पतालों में ड्यूटी पर काले बिल्ले लगाकर नर्सिंग ऑफिसर्स काम करते हुए अपना विरोध जताएंगी। इसके बाद 28 जुलाई को सीएम सिटी में मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ नर्सिंग ऑफिसर्स अस्पतालों में ड्यूटी करते हैं। सरकार की ओर से स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को सफल बनाने में नर्सिंग ऑफिसर्स की अहम भूमिका रहती है। बात जब उनके अपने हकों की आती है तो सरकार, मंत्री कुछ नहीं करते। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से सोचकर उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए।




भिवानी। लंबित मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पहुंची नर्सिंग ऑफिसर्स।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 20 को

**भिवानी।** हरियाणा में पहली बार सरकारी तौर पर 20 जुलाई को मनाई जाने वाले प्रदेश स्तरीय व 21 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर कुरूक्षेत्र में मनाए जाने वाले महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर न केवल प्रजापति, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गो में उत्साह है। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए श्रीदक्ष प्रजापति महासभा हरियाणा व भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन द्वारा पिछले कई दिनों से जनसंपर्क अभियान भी चलाया हुआ है, जिसके तहत नागरिकों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। ये बात श्रीदक्ष प्रजापति महासभा हरियाणा के प्रधान धर्मबीर ठेकेदार एवं पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति ने वीरवार को एमसी कॉलानी स्थित धर्मबीर ठेकेदार के निवास पर समाज के लोगों से बातचीत करते हुए कही। उनके साथ बीपीएचओ के सहसंस्थापक व हाईपॉवर समिति के सदस्य रमेश टांक व समाजसेवी तेजपाल ठेकेदार भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, औमपति पत्नी श्री बालकिशन पुत्र श्री भगवानाराम, निवासी सुभाष ढाणी वार्ड नम्बर 12, लोहारू, तहसील लोहारू, जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विनोद कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप




राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में पौधरोपण करते विद्यार्थी और स्टाफ।

### मॉडल संस्कृति विद्यालय में किया पौधरोपण

**लोहारू।** यूथ एंड इको क्लब मिशन लाइफ के तहत विद्यालयों में सप्ताहभर चले कार्यक्रम के समापन पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में धरा को हरा-भरा करने, प्राकृतिक सन्तुलन कायम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए पौधारोपण किया गया। पौधरोपण की शुरुआत प्राचार्य राजीव आर्य द्वारा बेल का औषधीय पौधा लगाकर की गई।



**भिवानी।** कैरू के आदर्श कॉन्वेंट विद्यालय में पद अलंकरण समारोह में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ।

### अंशु हेड गर्ल व हेमन्त को हेड ब्वॉय बने

**तोशाम।** कैरु स्थित आदर्श कांवेंट सीसे स्कूल में पद अलंकरण समारोह आयोजित किया। समारोह का शुभारंभ आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंटीट्यूट्स के चेयरमैन रामकुमार बंगालिया ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. के. सुब्बुलक्ष्मी ने की। इस दौरान छात्रा अंशु को हेड गर्ल व छात्र हेमन्त सरोहा हेड ब्वॉय के पद पर सुशोभित किया। हाऊस लिलि, लोटस, ऑर्चिड व तुलिप से तरूण रंगा, कपिल, ओजस्वी व हर्षित को हाऊस कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी।

### जन-जन से मिल रहा आपार समर्थनः शर्मा

**तोशाम।** भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने गांव कैरू में मोहल्ला बैठक कार्यक्रम में जन-जन से मुलाकात कर हाल-चाल जाना और प्रबुद्धजनों से शुभआशीष लिया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित राजनीतिक चर्चा की। शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों से वार्तालाप कर कहा कि देश और प्रदेश में चल रही डबल इंजन की भाजपा सरकार पिछले साढ़े 9 वर्षों के सुशासन एवं जनकल्याण को देखते हुए तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

# मानसून के चलते पानी निकासी के लिए सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त रखें अधिकारी

## एसपी सिंगला, एसडीएम हरबीर और सीटीएम विपिन ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसडीएम हरबीर सिंह ने शहरी स्थानीय निकाय व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून के चलते वे शहर की सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त रखें, जहां भी सीवरेज के मेनहोल खुले हैं, उन पर तुरंत प्रभाव से ढक्कन लगाएं, ताकि कोई हादसा न हो। एसडीएम हरबीर सिंह वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीसी मन्दीप कौर के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सीवरेज से संबंधित एक समस्या को लेकर जरूरी निर्देश दे रहे थे। समाधान शिविर में एसपी वरुण सिंगला और नगराधीश विपिन कुमार ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं।



**भिवानी।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसपी वरूण सिंगला, एसडीएम हरबीर सिंह और सीटीएम विपिन कुमार। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम ने कहा कि मानसून ने दस्तक दे दी है और अक्सर अत्यधिक बारिश से जलभराव की स्थिति बन जाती है, ऐसे में पानी की निकासी साथ-साथ होनी जरूरी है। इसी प्रकार से गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज लाइन को दुरुस्त किया जाए। समाधान प्रकोष्ठ के समक्ष समाधान शिविर के दौरान लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र में नाम व आय की त्रुटि ठीक करवाने, अवैध कब्जा हटवाने, बिजली ट्रांसफार्मर ठीक करवाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। शिविर में दो दर्जन लोगों ने समस्याएं रखीं।

### अधिकारियों को जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी नागरिक के आवदेन में किसी प्रकार की औपचारिकता की कमी है तो उसके दस्तावेज पूरे करवाएं। एसडीएम और नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्या के समाधान के लिए सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस को जिलास्तर पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में उपमंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### ये शिकायतें रखीं

समाधान शिविर में हालुवास निवासी अशोक ने बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में नाम सहीं न होने से बच्चों का दाखिला करवाने में परेशानी हो रही है। शहर निवासी सुशीला ने प्लॉट से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। शहर निवासी राधेश्याम ने पीपीपी में आय सही करवाने, हालुवास गेट निवासी रीतू ने घरेलू हिंसा से संबंधित, शहर निवासी राज कुमार ने दुकान का इंतकाल करवाने, विजय ने सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने और चांग निवासी बंता सिंह ने बिजली ट्रांसफार्मर को दुरूस्त करवाने संबंधित समस्या रखी, इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

### समाधान शिविर जनसुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म



**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि समाधान शिविर जनसुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म है। एसडीएम ने वीरवार को समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाता है, जहां लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन की ओर से जिला व उपमण्डल स्तर पर लघु सचिवालय में डीसी व एसडीएम द्वारा आमजन की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का अविलंब समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ मौके पर समाधान सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई तथा कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो शिविर में उनका समाधान कराया जा सकता है।

## वीरवार की बारिश ने फिर खोली प्रशासन के दावों की पोल

# निकासी पर करोड़ों खर्च फिर भी पानी-पानी शहर

### उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों के साथ पानी निकासी कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी शहर में पिछले छह महीनों के दौरान बरसाती पानी निकासी के लिए कई करोड़ रुपये खर्च किए गए। शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गलियों तक पाइपलाइन बिछाकर पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध का दवा तो किया गया, लेकिन वीरवार को हुई बारिश ने एक बार करोड़ों रुपए के प्रबंधों पर फिर पानी फेर दिया।

वीरवार दोपहर बाद मौसम की पहली तेज बरसात हई। शहर के लोगों को उम्मीद थी कि करोड़ों रुपए की खर्च करने का दावा करने वाले प्रशासन ने पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं और इस बार जलभराव से निजात मिलेगी, लेकिन तेज बरसात में प्रशासन के दावों की पोल खोल दी शहर के मुख्य बाजारों में और मुख्य गलियों में दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया। राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कत होगा सामना





**भिवानी।** दादरी शहर के मुख्य बाजार में बरसात के बाद जलभराव व अधिकारियों से पानी निकासी के प्रबंधों की समीक्षा करते उपायुक्त मनदीप कौर।

करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी मानसून के दिनों में शहर में करीब एक महीने तक बरसाती पानी खड़ा रहा था और 15 दिन मुख्य बाजार बंद रहे थे। व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ गहरा रोष प्रकट किया था। उसके बाद सरकार ने पानी निकासी के प्रबंधों पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा किया। शहर के कुछ हिस्सों में पाइपलाइन दवाई गई, लेकिन वीरवार को हुई बरसात में यह प्रबंध नाकाफी नजर आए। शहर में जलभराव के बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित की अधिकारियों की अधिकारियों की मीटिंग बुलाई। डीसी ने अधिकारियों को जलभराव संभावित क्षेत्रों में तुरंत ठोस प्रबंध करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर स्थाई प्रबंध का समय नहीं बचा है तो अस्थाई प्रबंध किए जाएं। किसी भी हाल में बरसात के कारण जलभराव नहीं होना चाहिए और 24 घंटे के अंदर हर क्षेत्र से पानी निकासी सुनिश्चित की जाए।

#### 24 घंटे में पानी को निकालना करें सुनिश्चित

उपायुक्त ने डाली गई लाइन के कार्य की प्रगति के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के अंदर जो काम किए जा रहे हैं, उन्हें लेकर सावधानी बरतें और कोशिश करें कि सभी क्षेत्रों की पानी निकासी व्यवस्था इसमें शामिल हो। उन्होंने कहा कि रविदास नगर और हुडा सेक्टर के पास से कीकर वासनी तालाब तक लाइन डालने का कार्य अगले तीन दिनों में पूरा हो जाना चाहिए। बैठक में सामने आया कि दशनामी अखाड़ा, बाल्मिकी बस्ती, कबीर नगर और चरखी दरवाजा वाले क्षेत्रों में जलभराव की संभावना है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इन स्थानों पर भी पहले से ही पानी निकासी के ठोस प्रबंध कर लिए जाए। बरसात के बाद 24 घंटे में पानी की निकासी की जाए।



**भिवानी।** जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### शिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भगवान परशुराम चौक के नजदीक स्थित ऐतिहासिक बड़ा शिव मंदिर में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के प्रधान रमेश फौगाट की अध्यक्षता में बैठक हुई और कार्यक्रम से संबंधित सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जानकारी के अनुसार कथा की अमृत वर्षा वृंदावन धाम से पंडित चंद्रप्रकाश ठाकुर महाराज के मुखारविंद से की जाएगी। कथा के शुभारंभ से पूर्व 22 जुलाई को सुबह 9 बजे ऐतिहासिक बड़ा शिव मंदिर से विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो भगवान परशुराम चौक काठमण्डी, दक्ष प्रजापति चौक, सरदार झाड़ु सिंह चौक से होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी। कलश यात्रा का शुभारंभ आचार्य महामंडलेश्वर देवेंद्र स्वामी पुर्तगाली बाबा के सानिध्य में किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर से पूजित रुद्राक्ष महामंडलेश्वर देवेंद्र स्वामी पुर्तगाली बाबा के हाथों से प्रसाद के रूप में दिए जाएंगे।

### कांवड़ यात्रा के चलते डीसी ने शहर में सफाई व्यवस्था व बिजली व्यवस्था दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

**भिवानी।** डीसी मंदीप कौर ने सावन मास में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शहर में निर्धारित रूट व मुख्य मार्गों पर सफाई व्यवस्था और लाईटों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि शिवरात्रि पर कावड़ यात्रा के दौरान जिले में भारी संख्या में कांवड़ियों का आवागमन होना स्वाभाविक है, ऐसे में निर्धारित व शहर के मुख्य मार्गों पर सफाई व्यवस्था और लाईटों को सही होना जरूरी है, ताकि कांवड़िया को किसी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में निर्धारित रूट व मुख्य मार्गों पर निरीक्षण करें और जहां भी बिजली के तार ढ़ीले, जर्जर या खुली हैं, उनको अतिशीघ्र दुरूस्त किया जाए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसी प्रकार से उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्य मार्गों पर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखें, ताकि कांवड़ियों व अन्य श्रद्घालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के पर्व व कावड़ यात्रा के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाए।

### बिजली कर्मियों ने अधीक्षक अभियंता से की मुलाकात

**भिवानी।** अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन ने प्रदीप रंगा सर्कल सचिव की अध्यक्षता में भिवानी सर्कल के पदाधिकारियों ने बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता विजेंद्र सिंह लांबा से मीटिंग की। मीटिंग में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित कर्मचारियों के पेंडिंग कामों को लेकर विस्तार से चर्चा की और अधीक्षक अभियंता ने सभी काम जल्द करवाने का आश्वासन दिया। राज्य प्रधान विजेंद्र सिंह बराड़ ने कहा कि निगम मैनेजमेंट के उच्च अधिकारियों से मिलकर जल्द स्टाफ की कमी को पूरा करवाया जाए। अधीक्षक अभियंता लांबा ने बारिश के मौसम को देखते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के सभी उपकरणों को इस्तेमाल करके दुर्घटना से बचकर नौकरी करने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### कार्यकर्ता बूथ स्तर पर करें पार्टी को मजबूतः कलकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भाजपा के बौंद मंडल की विस्तृत मंडल कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष मुंशी राम साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्षा डॉ. किरण कलकल ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भाजपा का पिछले 10 वर्षों का शासन काल स्वर्णिम काल के रूप में साबित हुआ है। कार्यकर्ताओं का



दायित्व बनता है कि हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनाने जुट जाएं। कलकल ने कहा कि पिछले 10 साल वर्षों के शासनकाल के दौरान भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर बूथ पर अपनी अपनी जिम्मेदारी को निभाएं और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें।

### हुक्के की आड़ में नशे का सेवन करवाने वालों पर लगे अंकुश

- कस्बावासी हुए एकजुट, शिक्षक समाज, पार्षद व पूर्व पार्षद भी पक्ष में आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में हुक्का दुकानदारों द्वारा हुक्के की आड़ में नशे के बढ़ते कारोबार पर रोक लगाने के लिए कस्बावासी एकजुट हुए और उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस थाने में शिकायत दी।

बता दें कि बीते दिनों भिवानी एसपी द्वारा अलखपुरा में नशे पर रोकथाम सहित अन्य कार्यक्रम में उपस्थिजनों को जागरूक किया था व नशे की सूचना मिलते पुलिस को



**भिवानी।** नशे की रोकथाम को लेकर थाने में ज्ञापन देने जाते क्षेत्रवासी।

सूचना देने की बात कही थी, ताकि नशे पर काबू पाया जा सके। कस्बावासी राजेश, सुंदर, बिमला, रमेश, सुभाष, कृष्ण, मीना, देसराज सहित पार्षद, पूर्व पार्षदों ने थाना में दी शिकायत में बताया कि बड़ा गुरूद्वारे के समीप हुक्के की दुकान पर अक्सर विद्यार्थी हुक्के का सेवन करते नजर आते हैं, जिससे बच्चों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में बताया कि यहां बैठकर विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, जिससे छात्राओं में भय की स्थिति बनी हुई है और वे विद्यालय जाने से कतराने लगी है। लोगों ने हुक्के की आड़ में नशे का कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने की बात कही। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग ने नशामुक्त अभियान चलाया हुआ है। कस्बे में नशे को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस बारे उन्होंने बताया कि उन्हें अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के दायित्व को नहीं निभा पा रही भाजपा

# पेयजल किल्लत के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, फूंका सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार हर घर नल-हर घर जल का नारा देकर लोगों की पेयजल की समस्या दूर करने दम भरती नहीं थकती, लेकिन इसे बावजूद भीष्ण गर्मी में भिवानी के नागरिक पेयजल को तरस रहे है। हालात बदत्तर बने हुए है कि शहर के अनेक क्षेत्र ऐसे है, जहां के नागरिक कई-कई दिनों तक बूंद-बूंद को तरसते रहते है। सरकार व प्रशासन नागरिकों की समस्या के समाधान की तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रही, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान है।



**भिवानी।** रोहतक गेट चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस नेता धीरज सिंह व अन्य।

नागरिकों की पेयजल किल्लत को दूर करने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह के नेतृत्व में वीरवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने शहर में प्रदर्शन कर रोहतक गेट चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंक विरोध जताया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह ने कहा कि इन दिनों पूरे शहर में पेयजल की समस्या गहराई हुई है। शहर के अनेक क्षेत्रों में कई दिन तक पानी नहीं आता तथा आता हैं तो सीवरेज का दूषित पानी मिक्स होकर सप्लाई में आता है। उन्होंने कहा कि मजबूरीवश दूषित पेयजल का प्रयोग करने से नागरिक बीमार हो रहे है तथा शहर में महामारी फैलने का भी भय बना हुआ है, जिसके चलते पिछले कई दिनों से शहर में नागरिक रोजाना रोष जताकर प्रशासन व सरकार को चेताने का प्रयास कर रहे है।

### सूर्यांश का मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

न्यू इण्डियन कोचिंग सेंटर के छात्र सूर्यांश श्योराण का मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई में चयन हुआ। यह उपलब्धि हासिल करने वाला सूर्यांश दादरी जिले से एकमात्र छात्र है। वीरवार को सूर्यांश को सेंटर में सम्मानित किया गया।

सेंटर संचालक अशोक शर्मा ने बताया कि अप्रैल माह में पूरे देश भर से आए हुए विद्यार्थियों की शारीरिक परीक्षा हुई थी जो बहुत कठिन थी। नौ वर्षीय सूर्यांश ने पहले शारीरिक परीक्षा दी। उसके बाद जून माह में आयोजित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र सूर्यांश गांव डालावास का रहने वाला है। इसके माता-पिता शिक्षा विभाग में अध्यापक व



सूर्यांश को सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य।

अध्यापिका हैं व इनके दादा भी सेवानिवृत अध्यापक रह चुके हैं। छात्र सच्ची लगन, मेहनत, अध्यापकों के परिश्रम व अभिभावकों के सच्चे विश्वास और लगन के कारण छात्र सूर्यांश श्योराण देश के एकमात्र खेल विवि राई जिला सोनीपत में प्रवेश पाने में सफल रहा है।